तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 9 मार्च 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 मुकुटधर साहित्य समिति द्वारा महिला सम्मान होली मिलन समारोह का आयोजन



## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 11 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में प्लेसमैंट कैंप का आयोजन 11 मार्च को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से नियोजक प्रिंसीपल सिक्योरिटी एण्ड एलाईड सर्विसेस प्रा0लि0, कोरबा, द रियल हण्टर बालको कोरबा, कृष्णा कॉरपोरेशन कोरबा और अपोलो फार्मासिटिज लिमि0 रायपुर द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्तियों में सिक्योरिटी गार्ड 70, सिक्योरिटी सुपरवाईजर 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर 2, सी.आर.ओ.-2, टेक्निकल असिस्टेंट- 6, फार्मासिस्ट 10, फार्मेसी असिस्टेंट- 10 योग्यता- 8वी - 12वीं - स्नातक, आयु सीमा- 18-45 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये - 7,000 से 15,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

### परियोजना समन्वयक की कौशल परीक्षा 11 को

**कोरबा।** मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 हेतु संविदा पर पर परियोजना समन्वयक की नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति निराकरण पश्चात परीक्षा में सम्मिलित किये जाने हेतु 1:5 के अनुपात में पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि लिखित एवं कौशल परीक्षा हेतु 11 मार्च को प्रातः 11 बजे आमंत्रित किया गया है। सूची अनुसार पात्र अभ्यर्थियों को अपनी उपस्थिति कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग करलेक्र परिसर कोरबा में देना सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। परीक्षा में सम्मिलित किये जाने हेतु अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल व जिले के वेबसाईट में अवलोकन किया जा सकता है।

### अब घर-घर जाकर बनाई जाएगी आभा आईडी

**कोरबा।** कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की जांच और उपचार समय पर सुनिश्चित हों, अस्पताल समय पर खुलें तथा सभी चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज हो। टीबी नियंत्रण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने ने संदिग्ध मरीजों की जांच और उपचार में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जांच किट की कमी होने पर शासन को तत्काल पत्र भेजने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। सैंपल लेकर समय पर नोटिफिकेशन जारी करने तथा डीबीटी भुगतान के मामलों में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। एक्स-रे जांच की संख्या कम होने पर कलेक्टर ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए वनरेबल आबादी की शत-प्रतिशत एक्स-रे जांच सुनिश्चित करने और अप्रैल माह के अंत तक एक्स-रे जांच में 20 प्रतिशत वृद्धि करने के निर्देश दिए।

### कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार का हुआ प्रसारण

**कोरबा।** कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) कटघोरा में शुक्रवार को कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर आयोजित पोस्ट-बजट वेबिनार का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को केंद्र सरकार के बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई। वेबिनार का प्रसारण सुबह 11.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रगतिशील किसान तथा महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय सहभागिता रही। वेबिनार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। उन्होंने अपने संदेश में कृषि क्षेत्र में तकनीक के बढ़ते उपयोग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए बजट में किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी।

# साडा गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल में तैयार हुआ अटल टिकरिंग लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूलों में साइंस के छात्रों को प्रैक्टीकल की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त अत्याधुनिक लैब तैयार किए जा रहे हैं। इनमें शहर के साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में तैयार किया गया अटल टिकरिंग लैब अपने आपमें छात्रों को सुविधा देने वाला एक बड़ा लैब है। जिसमें 40 छात्रों को एक साथ प्रेक्टीकल करने की सुविधा मिलेगी।

हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूलों में साइंस के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी स्कूलों में साइंस के छात्रों को सुविधाएं देते हुए अत्याधुनिक लैब की स्थापना की जा रही है। जहां कैमिस्ट्री, फिजिक्स और बायो के छात्रों को एक साथ प्रेक्टीकल करने की सुविधा मिलेगी। जिले के भी हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूलों में इस तरह के लैब तैयार किए गए हैं जिनमें शहर में संचालित साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल का साइंस लैब प्रमुख रुप से शामिल है। यह एक ऐसा लैब है जहां प्रैक्टीकल के साथ थियोरी क्लासेस भी चलाई जा सकती हैं। इसके साथ ही चाहें तो तीनों विषय के छात्र एक साथ प्रैक्टीकल भी कर सकते हैं। जिला शिक्षा विभाग के द्वारा साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल के इस लैब को तैयार करने के लिए प्रस्ताव तैयार कराया था। स्कूल के प्राचार्य रणधीर सिंह ने बताया कि स्कूल में तैयार हुआ यह लैब अपने आपमें हाईटेक लैब है। जहां इनवर्टर की भी सुविधा है और साथ ही प्रैक्टीकल रुम में एक बड़ा एलईडी स्क्रीन भी लगाया गया है। इनके अलावा लैब में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिससे लैब की निगरानी सतत होती रहती है।

### एक साथ 40 छात्राएं कर सकती हैं प्रेक्टिकल

**खास बातें**

- जिले मे तैयार हो रहे हैं अत्याधुनिक लैब
- साइंस के प्रति छात्रों में रुचि बढ़ाने लैब का निर्माण



**लाइब्रेरी की भी है सुविधा**

लैब की सुविधा के साथ सिलेबस की भी सुविधा स्कूल के लाइब्रेरी में दी गई है। सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों की तरह लैब के साथ लाइब्रेरी की सुविधा छात्राओं को मिलती है। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जितनी बड़ी राशि खर्च की जा रही है उसका नजारा साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में नजर आता है।

### कोरबा व कटघोरा वन मंडल में वन विभाग की टीम लगातार जंगल में कर रही काम

# पारा चढ़ते ही जंगल में आग लगने लगी फायर ब्लोअर बना कारगर हथियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जैसे-जैसे सूर्य की किरण तेज हो रही है जंगल में आग लगने का सिलसिला भी तेज हो चला है लेकिन जंगल में आगजनी की घटना रोकने के लिए वन विभाग के अधिकारी लगातार जंगल में तैनात है और वन विभाग के लिए फायर ब्लोअर एक कारगर हथियार के रूप में काम कर रही है। जिसके चलते आसानी से आग पर काबू किया जा रहा है। साथ ही जंगल में लगने वाले आग को रोकने का काम भी कर रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वन मंडल है। दोनों ही वन मंडल में विलुप्त प्राजाति के वन्य प्राणियों का बसेरा है साथ ही इस जंगल में रामबाण औषधियों की भरमार है। मार्च का महीना शुरु हो चुका है और इसके साथ ही पारा भी चढ़ना शुरू हो चुका है। पारा चढ़ते ही जंगल में आग लगने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। जैसे-जैसे गर्मी तेज हो रही है जंगल में लगातार आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। कोरबा वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर एसडीओ आशीष खेलवार व उनकी टीम लगातार जंगल में काम कर रही है और जंगल में लगने वाले आग को काबू करने के लिए फायर ब्लोअर और फायरवॉटर के माध्यम से आग पर काबू करने का काम कर रही है। इसी तरह कटघोरा वन मंडल में भी वन विभाग की टीम लगातार फील्ड में नजर आ रही है। खास तौर पर वन विभाग के लिए फायर ब्लोअर, फायर लाइन तैयार करने के साथ-साथ इस मशीन के माध्यम से जंगल में फैलने वाले आग को रोकने का काम कर रही है। निश्चित तौर पर वन विभाग के लिए फायर ब्लोअर किसी कारगर हथियार से कम नहीं है। वन विभाग के अधिकारी भी इसी फायर ब्लोअर के माध्यम से अधिक से अधिक जंगल में फैलने वाले आग को रोकने के लिए काम कर रही है।



आग बुझाता वनकर्मी।

**फायर ब्लोअर आग रोकने में हो रहा कारगर साबित**

कोरबा वन मंडल में अब तक जंगल में आग लगने की कुल 80 घटनाएं सामने आई है लेकिन वन विभाग की टीम लगातार दिन और रात में जंगल में तैनात होकर जंगल में लगने वाले आग को रोकने का काम कर रही है। खास तौर पर फायर ब्लोअर मशीन के उपयोग से जंगल में आग लगने की घटना को रोकने में काफी हद तक सफलता मिल रही है। यह मशीन बहुत ही कारगर है। वन मंडल के सभी रेंज में यह मशीन उपलब्ध कराई गई है। इस मशीन के माध्यम से ही जंगल में लगने वाले आग को काफी हद तक रोका जा रहा है।

**-आशीष खेलवार,** वन विभाग कोरबा

**ऐसे काम करता है मशीन**

जंगल में आग रोकने के लिए फायर ब्लोअर एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह मशीन जंगल की जमीन पर जमी सूखी पत्तियों, घास और अन्य ज्वलनशील पदार्थों को जलाने के लिए उपयोग की जाती है, जिससे आग की लहर को रोकने में मदद मिलती है। फायर ब्लोअर में एक इंजन होता है जो हवा को उच्च दबाव पर पंप करता है, जिससे एक शक्तिशाली हवा की धारा उत्पन्न होती है। इस हवा की धारा को जंगल की जमीन पर जमी सूखी पत्तियों और घास पर निर्देशित किया जाता है, जिससे वे जलने लगती हैं।

**कोरबा मंडल में अब तक 80 घटनाएं आ चुके हैं सामने**

15 फरवरी से आगजनी का सीजन शुरू हो जाता है लेकिन फरवरी माह में ही आगजनी की घटना कम सामने आ रही थी लेकिन अब मार्च महीना शुरू होते ही और लगातार पारा चढ़ने लगा है जिसकी वजह से जंगल में आग लगने की घटना लगातार बढ़ती जा रहा है। कोरबा वन मंडल में अब तक आगजनी की 80 घटनाएं सामने आ चुकी है। वन विभाग निश्चित तौर पर आगजनी की घटनाओं को समय रहते रोकने में कामयाब जरूर हुआ है लेकिन जैसे-जैसे जंगल में आग लग रही है वैसे-वैसे जंगल में नुकसान होने की जानकारी सामने आ रही है।

# दर्री डेम में नहाने के दौरान युवक हुआ लापता घंटो रेस्क्यू के बाद भी नहीं मिला सुराग



घटनास्थल जहां डूबा युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 22 वर्षीय युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था जहां गहरे पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलने पर दर्री पुलिस व नगर सेना की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची थी जहां लापता युवक खोजने के लिए दोपहर से देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। शाम होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है दूसरे दिन फिर से लापता युवक को खोजने के लिए दर्री डेम में रेस्क्यू ऑपरेशन किया जाएगा।

**खास बात**

- दर्री थाना क्षेत्र का मामला, नगर सेना की टीम व गोताखोर लगे हैं तलाश में

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाला नौसाद अली 22 वर्षीय अपने कुछ दोस्तों के साथ रविवार की सुबह लगभग 11 बजे दर्री डेम घूमने पहुंचा था। इसी दौरान वह नहाने के लिए पानी में उतरा। शुरुआत में सब कुछ सामान्य था, लेकिन कुछ ही देर बाद वह डेम के गहरे हिस्से की ओर चला गया। अचानक संतुलन बिगड़ने पर वह पानी में डूबने लगा और दोस्तों के देखते-देखते गहराई में समा गया। नौसाद अली को डूबता देख उसके साथ मौजूद दोस्तों ने शोर मचाया और स्थानीय लोगों से मदद मांगी, लेकिन तब तक वह पानी में लापता हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर दर्री थाना प्रभारी आशीष सिंह दलबल सहित मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की टीम को बुलाया और नगर सेना की टीम मौके पर पहुंची और मोटर वोट के माध्यम से युवक की हसदेव नदी में घंटों खोजबीन की गई लेकिन देर शाम तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया देर शाम होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया है। अब सोमवार को पुनः रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा।

# तीन बच्चों के सामने नशेड़ी पति ने की पत्नी की जघन्य हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला दिवस के दिन नेहरू नगर में एक महिला की जघन्य हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई। मकान मालकिन द्वारा मकान खाली करने को कहने पर नशे में धुत पति ने तीन बच्चों के सामने पहले पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। उसके बाद बाल पकड़कर टायलेट के पास ले गया और उसका सिर फर्श पर पटक दिया, फिर ईंट से सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी और भाग निकला। पुलिस फरार पति को गिरफ्तार कर लिया है।

कोटा मोहनभाठा निवासी युवराज यादव पिता जगराम यादव 43 साल अपनी पत्नी पुष्पलता यादव 37 साल तीन बच्चे रघुवंश यादव 16 साल, रोशनी 13 साल व एक 5 साल के बच्चे के साथ पिछले दो माह से नेहरू नगर एमआईजी - 33 निवासी मीरा सिंह के मकान में किराए से रह रहे थे। पुष्पलता यादव लोगों के घरों में साफ सफाई का काम कर परिवार का पालन पोषण कर रही थी। युवराज यादव शराब पीने का आदी है और कुछ काम नहीं करता है। आए दिन वह शराब पीकर गाली गलौज कर हंगामा मचाकर घर में विवाद करता रहता था। 8 मार्च की सुबह वह शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था। इससे परेशान होकर मकान मालकिन मीरा सिंह ने उसकी पत्नी पुष्पलता यादव नया मकान बनाना है कहकर मकान खाली करने कहा। पुष्पलता ने अपने पति से कहा कि वह शराब पीकर हंगामा मचाता है, इसलिए मालकिन मकान खाली करने कह रही है, इस बात पर दोनों के बीच विवाद होने लगा। कुछ देर बाद युवराज यादव घर से निकल गया। दोपहर 1 बजे नशे में घर पहुंचा और तीनों बच्चों के सामने पुष्पलता से विवाद करने लगा। इसी दौरान उनका बेटा रघुवंश यादव पास में रह रहे अपनी दादी को बताने चला गया। युवराज अपनी पत्नी का बाल पकड़क़र घसीटते हुए टायलेट के पास लेकर गया और फर्श पर सिर के पिछले हिस्से को पटक दिया। उसके बाद हाथ पैर से मारने के बाद ईंट से सिर के सामने हिस्से पर ताबड़तोड़ हमलाकर जघन्य हत्या कर दी और घर से निकलकर भाग गया।

# कोल इंडिया के 450 नान-एक्जिक्यूटिव कर्मचारियों को मिलेगा प्रमोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अनुषंगी कंपनियों में नान-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को अधिकारी पद पर पदोन्नत करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। कंपनी के मानव संसाधन विभाग ने विभागीय प्रमोशन प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है और 15 मार्च तक चयनित कर्मचारियों की अंतिम सूची जारी होने की संभावना है।

**खास बात**

- 15 मार्च तक जारी होगी प्रमोशन की अंतिम सूची

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के कुल 44 सौ कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों में अधिकारी बनने के लिए आवेदन किया था। इनमें से लगभग 34 सौ आवेदन केवल मानव संसाधन (एचआर) विभाग के लिए प्राप्त हुए थे। स्क्रूटनी के बाद कोल इंडिया की चयन समिति ने 450 उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। चयनित कर्मचारियों को ई-2 ग्रेड में अधिकारी बनाया जाएगा। औपचारिक स्वीकृति मिलने के बाद कंपनी द्वारा आधिकारिक सूची जारी कर दी जाएगी। इसके बाद चयनित अधिकारी विभिन्न विभागों में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। कोल इंडिया में जिन प्रमुख विभागों में अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, उनमें उत्खनन, वित्त, कार्मिक (एचआर), विद्युत एवं यांत्रिकी, सिविल, सर्वे, सिस्टम (आईटी), सामग्री प्रबंधन, विपणन एवं बिक्री, कानूनी, पर्यावरण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार, जनसंपर्क, सचिवीय, कंपनी सचिव तथा सुरक्षा विभाग शामिल हैं। इन विभागों में चयनित अधिकारी तकनीकी संचालन, वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन, खदान सर्वेक्षण, आईटी प्रणाली, आपूर्ति प्रबंधन, विपणन, कानूनी मामलों, पर्यावरणीय मानकों और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**इन विभागों में बनेंगे अधिकारी**

उत्खनन, वित्त, कार्मिक एचआर, विद्युत एवं यांत्रिकी, सिविल, सर्वे, सिस्टम, विपणन एवं बिक्री, कानूनी, पर्यावरण, इलेक्ट्रानिक्स एवं दूरसंचार, जनसंपर्क, सचिवीय, कंपनी सचिव और सुरक्षा विभाग में अधिकारी बनेंगे।

### धान खरीदी की अंतर की राशि जारी होते ही किसान लगा रहे बैंक के चक्कर

# एकमुश्त राशि का भुगतान लेने किसानों की मुश्किलें नहीं हो रही कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन के द्वारा 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर से खरीदे गए धान की अंतर की राशि जारी करते ही बैंकों में किसानों की भीड़ उमड़ने लगी है और पहले की तरह एकमुश्त राशि लेने के लिए बैंक और किसानों के सामने मुश्किलें खड़ी हुई हैं। हालांकि बैंक प्रबंधन ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष एटीएम जारी कर व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास जरुर किया है।

जिले में धान खरीदी का दौर समाप्त होने के बाद किसान बेचे गए धान की अंतर राशि का इंतजार कर रहे थे। पूर्व में धान बेचने के दौरान उन्हें 21 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान की राशि दी जा रही थी और अब दूसरी किश्त 1 हजार रुपए की किश्त जारी कर दी गई है। हालांकि यह राशि कम है। ऐसी स्थिति में बैंकों के पास नगदी का संकट एक माह पूर्व की तरह नहीं है लेकिन अत्यधिक मात्रा में धान बेचने वाले किसानों के सामने एकमुश्त राशि लेने का संकट जरुर खड़ा है। उनकी मानें तो बैंक प्रबंधन को चाहिए कि धान बेचने के बाद किसान को उसकी पूरी राशि का भुगतान करना चाहिए। जितना किसान ने मांगा है। पहले किश्त जब दी गई उस दौरान भी किसानों की जितनी राशि की जरुरत थी उतनी नहीं मिली। किश्त किश्त में भुगतान मिला और अब जब अंतर की राशि हुई है उस दौरान भी यही स्थिति सामने आ रही है।




फाइल फोटो

**जिले में सहकारी बैंक की 6 शाखा से भुगतान**

जिले में जिला सहकारी बैंक की 8 शाखा संचालित है जिनमें बालको और एनटीपीसी की शाखा डिपॉजिट शाखा है और यहां किसानों को भुगतान की सुविधा नहीं है। शेष 6 शाखा कोरबा, बरपाली, कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा, पाली, कोरबी, हरदीबाजार की शाखाओं से किसानों को नगद भुगतान की सुविधा मिलती है। इनमें सबसे बड़ी शाखा बरपाली है जहां करतला विकासखंड के किसानों को भुगतान की सुविधा मिलती है। जिले में करतला ब्लॉक सर्वाधिक धान का उत्पादन होता है और भुगतान की एक बड़ी राशि करतला ब्लॉक में ही खर्च होती है।

# पैसेंजर बनकर चलेगी हसदेव एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा से रायपुर के बीच रोजाना चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा-बिलासपुर के मध्य पैसेंजर के रूप में चलाई जाएगी। बिलासपुर झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन परियोजना पर किए जा रहे कार्य को लेकर यह निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कई गाडियों का परिचालन भी प्रभावित रहेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के चांपा सेक्शन के मध्य अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्रीनॉन-नॉनइंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। कार्य को लेकर 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल तक गेवरा रोड से चलने वाली गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 30 मार्च से 10 अप्रैल तक रायपुर से चलने वाली रायपुर-कोरबा पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा से चलने वाली कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च से 11 अप्रैल 2026 तक बिलासपुर व गेवरा रोड से चलने वाली बिलासपुर-गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 31 मार्च से 11 अप्रैल तक बिलासपुर व कोरबा से चलने वाली बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 5 से 11 अप्रैल तक बिलासपुर से चलने वाली 58210 बिलासपुर-गेवरा रोड पैसेंजर रद्द रहेगी। गंतव्य से पहले कुछ ट्रेने समाप्त व प्रारम्भ होंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए कोरबा-रायपुर के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस को पैसेंजर के रूप चलाई जाएगी। कोरबा-रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस को 31 मार्च से 11 अप्रैल तक कोरबा-बिलासपुर-कोरबा के मध्य पैसेंजर के रूप में चलाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### एस्केलेटर से गिरकर घायल हुई महिला यात्री



**बिलासपुर।** प्लेटफार्म पार करने के लिए एस्केलेटर से जा रही एक महिला यात्री अचानक नीचे गिरकर घायल हो गई। सूचना मिलते ही महिला यात्री का तत्काल उपचार कराया गया। जानकारी के अनुसार एक महिला यात्री अपने परिवार के साथ बिलासपुर से विजयनगरम सफर करने के लिए लिंक एक्सप्रेस पकड़ने स्टेशन पहुंची थी। इस दौरान दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिए उन्होंने अपने परिवार के साथ एस्केलेटर का उपयोग किया। एस्केलेटर में जाने के दौरान उनका पैर अचानक फिसल गया और वे अनियंत्रित होकर नीचे गए, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन पर तैनात कामर्शियल विभाग की स्पेशल टीम और कामर्शियल स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे। महिला की स्थिति को देखते हुए कर्मचारियों ने मेडिकल टीम को सूचित किया। मौके पर पहुंचकर चिकित्सा टीम ने घायल महिला यात्री का प्राथमिक उपचार कराने के बाद उन्हें रवाना कर दिया गया।

### दूसरे दिन भी उठाईगीरों का सुराग नहीं मिला

**बिलासपुर।** व्यापार विहार में व्यापारी की कार से 8 लाख 25 हजार रुपए नकद, 1 लाख 40 हजार के चांदी सिक्कों की उठाईगीरी के मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते रह गई। दूसरे दिन भी उठाईगीरों का सुराग नहीं लगा है। ज्ञात हो कि 7 मार्च को व्यापार विहार छोटे पार्किंग स्थित हरे कृष्ण ट्रेडर्स के संचालक अजय कुमार अग्रवाल पिता दीनदयाल अग्रवाल रात 8 बजे बिक्री की रकम 8 लाख 25 हजार रुपए व 1 लाख 40 हजार रुपए 60 नग चांदी के सिक्के, राइसमिल के पेपर थैले में रखकर बाहर निकले। वे थैला अपनी बलेनो कार में रखकर दरवाजा बिना लॉक किए दुकान का शटर बंद कराने में व्यस्त हो गए। उसके बाद कार लेकर अपने घर चले गए। घर जाकर कार की डिक्की खोलकर देखे तो थैला चोरी हो गया था। सूचना पर पुलिस अमला व्यापार विहार, एटीएम चौक, महिमा चौक के आसपास दुकानों में लगी सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने में लगी हुई है। बहरहाल दूसरे दिन भी पुलिस उठाईगीरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### गांजा बेचने वाली महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने गांजा बेचने वाली महिला को गिरफ्तार कर



लिया है। उसके पास से 848 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। सरकण्डा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इमलीभाठा जोगी आवास निवासी मीना सारथी पति प्रकाश सारथी 48 साल को पकड़कर घर की तलाशी ली तो वहां 848 ग्राम गांजा मिला। महिला पुड़िया बनाकर गांजा बेचती थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

### अनाचार के बाद कराया गर्भपात, युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। शादी करने का झांसा देकर अनाचार करने के बाद गर्भपात कराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 7 मार्च को क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई। वह किराए के मकान में रहकर पढाई कर रही है। कालेज में मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी गौरव दुबे पिता मनहरण दुबे 21 साल से जान पहचान हुई। वह शादी करने का झांसा देकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाने लगा। इसी बीच पीड़िता गर्भवती हो गई।

---

**भीषण गर्मी शुरु होने के साथ बढ़ी परेशानी** | **उसलापुर रेलवे स्टेशन का हो रहा जीर्णोद्धार**

# जगह छोड़-छोड़कर लगाया गया प्लेटफार्म के ऊपर 50-50 मीटर का शेड

**बिलासपुर।** अमृत भारत योजना में बिलासपुर डिवीजन के उसलापुर रेलवे स्टेशन को शामिल करते हुए 14 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार किया जा रहा है, लेकिन स्टेशन के अंदर का हाल काफी बुरा है। करोड़ों की लागत से पुनर्विकसित आदर्श स्टेशन के प्लेटफार्म पर शेड को जगह छोड़ छोड़कर लगाया गया है, जिसके कारण भीषण गर्मी शुरु होने के साथ ही यात्रियों की परेशानी भी बढ़ गई है।

उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को बिलासपुर रेलवे स्टेशन की तरह बनाया जा रहा है। यहां यात्री ट्रेनों की संख्या भी काफी बढ़ चुकी है, जिसके कारण बिलासपुर स्टेशन के यात्रियों को भी अब उसलापुर रेलवे



स्टेशन से कटनी की ओर जाने के लिए ट्रेनों को पकड़ना पड़ रहा है। यात्री ट्रेनों के यहां प्रतिदिन मालगाड़ियों का भी आवागमन होता है। इन सबके बावजूद स्टेशन में यात्रियों के लिए सुविधाओं का काफी अभाव है। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग से कटनी रूट की ओर जाने वाली ट्रेनों का स्टापेज देने के लिए प्लेटफार्म नम्बर 2 और कटनी रूट से आने वाली ट्रेनों के लिए प्लेटफार्म नम्बर 1 है। यह दोनों प्लेटफार्म के अलावा तीसरे प्लेटफार्म का निर्माण अब तक नहीं किया गया है, जिसकी वजह से कई बार एक ही समय पर आने वाली यात्री ट्रेनें आउटर में घंटों खड़ी रहती हैं। उसलापुर में रेल प्रशासन ने स्टेशन डेवलपमेंट का काम भी शुरु कर दिया है। आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में गोंदिया के साथ दुर्ग, रायपुर और भाटापारा से कटनी की ओर जाने वाली सारी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें, बिलासपुर से पेण्ड्रा और कटनी जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर दो और कटनी से रायपुर और बिलासपुर आने वाली ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर एक पर दिया जा रहा है। इन दोनों प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुविधा के लिए पानी पीने की सुविधा तो है, लेकिन भीषण गर्मी और बारिश से बचने के लिए शेड की व्यवस्था जगह छोड़ छोड़कर की गई है।

### नियम से अधिक शेड

रेल अफसरों के अनुसार आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में रेलवे की गाइड लाइन के हिसाब से सारी सुविधा यात्रियों के लिए दी गई है। इस गाइड लाइन के मुताबिक नियमानुसार 400 वर्गफुट तक दोनों प्लेटफार्म पर शेड की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में शेड 1154 वर्गफुट लगाए गए हैं। यह भी ट्रेन के कोच और यात्रियों की संख्या के हिसाब से कम है। रेलवे जानकारों का कहना है कि उसलापुर स्टेशन को पुनर्विकसित करने के साथ ही बिलासपुर की सारी ट्रेनों को डायवर्ट भी कर दिया गया है, जिसके बाद यात्रियों की संख्या के हिसाब से प्लेटफार्म के एक छोर से दूसरे छोर तक शेड की व्यवस्था होनी चाहिए।

### टाइल्स लगाने का काम पूरा नहीं

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर के प्लेटफार्म नम्बर एक पर कई दिनों से चल रहा टाइल्स लगाने का काम वर्तमान में भी किया जा रहा है। यह कार्य अब तक मुख्य गेट से लेकर सीटीआई कार्यालय तक किया गया है। इसके उपरांत पुराने टाइल्स को तोड़कर नए टाइल्स लगाने का काम बिलासपुर और कटनी की ओर लगे एफओबी तक चल रहा है, जिसमें मजदूर लगे हुए हैं।

### पार्सल कार्यालय 95 फीसदी पूरा

उसलापुर स्टेशन में ट्रेनों की बढ़ोत्तरी के साथ पार्सल कार्यालय की आवश्यकता भी थी, जो वर्तमान में इंक्वायरी काउंटर के साथ चल रहा था। इसके कारण पार्सल बुकिंग व अन्य कार्य में दिक्कत हो रही थी। इसे देखते हुए एक पार्सल कार्यालय का कार्य आरपीएफ पोस्ट के आगे शुरु किया गया, जो वर्तमान में 90 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है।

### जरूरत के अनुसार बढ़ोत्तरी

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में अमृत भारत योजना के तहत काम किया जा रहा है। यहां दोनों प्लेटफार्म पर रेलवे बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार शेड लगे हैं, जो दो गुना अधिक हैं। इसके बावजूद यात्रियों की आवश्यकता और उनकी सुविधा को देखते हुए शेड के विस्तार में बढ़ोत्तरी की जाएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

**हर दिन 25 से 30 यूनिट खर्च**

# ब्लड की कमी से जूझ रहा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, महज 40 यूनिट ही उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एक बार फिर से ब्लड के संकट से जूझ रहा है। आलम यह है कि 550 बिस्तर के अस्पताल में महज 40 यूनिट ही ब्लड उपलब्ध है। बड़ी बात यह है कि अस्पताल में ब्लड सेपरेटर मशीन आने के बाद भी इसका सदुपयोग नहीं हो पा रहा है और और ब्लड सेपरेट करने में समस्या उत्पन्न हो रही है। यही वजह है कि अस्पताल में नियमित रूप से खून की कमी बनी हुई है। ऐसे में अब अगर जल्द ही अस्पताल को ब्लड डोनर नही मिलते तो यहां आने वाले मरीजो की जान संकट में पड़ सकती है।

बता दें कि संभाग के इकलौते और सबसे बड़े अस्पताल राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय में सरगुजा के साथ ही आस पास जिलों और पड़ोसी राज्यों से भी उपचार कराने के लिए मरीज पहुंचते है। 550 बिस्तर के इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन सड़क दुर्घटना, प्रसव के साथ ही अन्य गंभीर बीमारियों, सिकल सेल, थैलेसेमिया के मरीज आते है और इन मरीजों को अस्पताल प्रबंधन को निःशुल्क रिक्त उपलब्ध कराना पड़ता है। अस्पताल में प्रतिदिन 25 से 30 यूनिट ब्लड की आवश्यकता होती है। इतने बड़े अस्पताल में




### एक साल में 19 सौ यूनिट फ्री

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ब्लड मूलरूप से ब्लड डोनेशन कैंप के माध्यम से ही बड़ी मात्रा में उपलब्ध हो पाता है। इसमें से भी ज्यादातर ब्लड सड़क दुर्घटना के मरीजों, गर्भवती माताओं को निःशुल्क प्रदान करना पड़ता है। अस्पताल में एक माह में न्यूनतम 50 से 60 यूनिट ब्लड सिकलिंग और थैलेसेमिया के मरीजों को जाता है। अस्पताल प्रबन्धन का कहना है कि उनके बहुत कम ब्लड ही एक्सचेंज में मिलता है। यही वजह है कि वर्ष 2025 में कुल 17 सौ यूनिट ब्लड डोनेशन से आया तो 19 सौ यूनिट ब्लड निःशुल्क वितरित कर दिया गया। वहीं जनवरी, फरवरी माह में अधिकतम 200 यूनिट ब्लड ही डोनेशन में आया तो जनवरी माह में 168 यूनिट ब्लड मरीजो को दिया गया जबकि फरवरी में भी मरीजों को बड़ी मात्रा में ब्लड निःशुल्क प्रदान किया गया। ऐसे में प्रबंधन भी मान रहा है कि ये संकट बड़ा है और इससे निपटने सामूहिक प्रयाश की जरूरत है ताकि ब्लड की जरूरत पूरी करा जान बचाई जा सके।

न्यूनतम 100 यूनिट ब्लड उपलब्ध होना चाहिए लेकिन यहां महज 40 यूनिट ब्लड ही मौजूद है और यही वजह है कि अस्पताल ब्लड की कमी से जूझ रहा है। ब्लड की कमी के कारण प्रबंधन की परेशानी बढ़ गई है तो वहीं मरीजों को भी रक्त की कमी के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ब्लड सेपरेटर मशीन भी नहीं आ रहा काम

ब्लड की कमी से जूझ रहे अस्पताल में समस्या से निजात के लिए ब्लड सेपरेटर मशीन लगाया गया है लेकिन जनवरी माह में इसकी स्थापना के बाद अब तक महज 35 यूनिट ही ब्लड का सेपरेशन किया गया। अस्पताल की ब्लड बैंक की अधिकारी डॉ. जगरानी लकडा का कहना है कि ब्लड सेपरेटर मशीन का बैग 450 एमएल का है जबकि पूर्व में सामान्य ब्लड निकालने वाला बैग 350 एमएल का होता था। 450 एमएल के बैग को भरने के लिए ब्लड डोनर का वजन कम 55 किलोग्राम से अधिक होना चाहिए। वर्तमान में सेपरेटर मशीन से पैक्ड रेड ब्लड सेल, फ्रेस फ्रोजेन प्लाज्मा और प्लेटलेट निकालने का काम चल रहा है लेकिन डोनर की कमी के कारण इसमें समस्या आ रही है।

### कर रहे है प्रयास

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ब्लड बैंक से नियमित रूप से मरीजों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाता है और एक्सचेंज में कम ही ब्लड वापस आता है। लोगों को जागरुक होने की जरुरत है। रक्तदान शिविर के माध्यम से कमी को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही ब्लड सेपरेटर मशीन के उपयोग से मरीजों को भी काफी राहत मिलेगी।

डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक

---

**ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम**

# विधायक निधि की प्रक्रिया आसान करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- राज्य स्तर पर किया जा रहा काम
- नए वित्तीय वर्ष से हो सकता है लागू

विधायक निधि के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की पूरी प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किए जाने की तैयारी की जा रही है। इसके लागू हो जाने के बाद दी जाने वाली अनुशंसाओं, कार्य प्रारंभ करने हेतु जारी राशि एवं कार्य एजेंसी को जारी वर्क आर्डर एवं कार्य पूर्णता के बाद जारी अंतिम किश्त की राशि जारी होने तक की जानकारी ऑनलाइन देखी जा सकेगी। नए सिस्टम को लेकर अभी काम चल रहा है, नए वित्तीय वर्ष में इसके लागू हो जाने की पूरी संभावना है।

प्रदेश में विधायक निधि के अंतर्गत कार्यों की अनुशंसा एवं कराए जाने वाले कार्यों की पूरी जानकारी को ऑनलाईन करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए एक ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम नामक सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। अब तक किसी भी अनुशंसा के स्वीकृत या अस्वीकृत होने की दशा में इसकी सूचना पत्र के माध्यम से दी जाती थी, लेकिन ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू हो जाने के बाद अनुशंसा के ऑनलाइन स्वीकृत होने की दशा में ही आदेश अपलोड किया जा सकेगा।

अनुशंसा स्वीकृत होने एवं प्रथम किश्त जारी होने के बाद आदेश की कॉपी भी ऑनलाइन अपलोड कर दी जाएगी, जिससे इसकी जानकारी सभी को हो सकेगी। प्रथम किश्त जारी होने के बाद कार्य एजेंसी को वर्क ऑर्डर जारी होने की सूचना भी अपलोड की जा सकेगी, जिससे इस बात का भी पता चल सकेगा कि उक्त कार्य के लिए दी गई अनुशंसा अब इस स्तर पर पहुंच चुकी है। कार्य समाप्त होने के बाद एजेंसी से कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र लेते हुए इसे भी अपलोड किया जा सकेगा।

कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र अपलोड करने के बाद संबंधित कार्य एजेंसी को जारी की गई अंतिम किश्त की राशि भुगतान की जानकारी भी अपलोड की जाएगी, जो इस पूरी प्रक्रिया का अंतिम चरण होगा।

### प्रभारी मंत्री, विधायकों को दी जाएगी आईडी

ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू होने के बाद प्रदेश के सभी 91 विधायकों एवं 13 प्रभारी मंत्रियों को पर्सनल आईडी जारी की जाएगी। इसके माध्यम से विधायकों को भी अपने द्वारा जारी की गई अनुशंसाओं की जानकारी बस एक क्लिक में ही हो सकेगी। अब तक विधायकों को अपने द्वारा जारी की गई अनुशंसाओं एवं शेष राशि की जानकारी के लिए बार-बार दस्तावेजों की जांच करवानी पड़ती थी, लेकिन ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम के लागू होने के बाद प्रभारी मंत्री एवं विधायक बस एक क्लिक में अपने द्वारा जारी की गई अनुशंसाओं एवं शेष राशि की तत्काल जानकारी प्राप्त कर सकंगे।

### प्रक्रिया चालू है

विधायक निधि के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों की पूरी प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने की तैयारी हो रही है। यह कार्य अभी प्रक्रिया में है। उच्चाधिकारियों की दिशा-निर्देश के बाद ही लागू किया जा सकेगा।

**-डोमार सिंह वर्मा**, संयुक्त संचालक एवं स्टेट नोडल

---

# बिलासपुर से चल रही उड़ानों के बारे में स्थिति साफ नहीं

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने एलाइंस एयर द्वारा पूर्व में जारी समर शेड्यूल को स्थगित करने और राज्य सरकार के साथ चर्चा कर नया शेड्यूल जारी करने के समाचारों के बाद लंबा समय बीतने पर चिंता जताई है।

समिति ने कहा कि वर्तमान में 28 मार्च के बाद बिलासपुर से चलने वाली उड़ानों पर संशय बरकरार है। समिति ने कहा इस समय पर चलेंगे या उनमें समय और दिनों, दोनों में बदलाव होगा। गौर तलब है कि एयरलाइन कंपनियां सर्दी के मौसम और गर्मी के मौसम में सूर्यास्त और सूर्योदय के समय परिवर्तन के कारण 6-6 माह के लिए ही अपना शेड्यूल जारी करती हैं। एलाइंस एयर के द्वारा जारी विंटर शेड्यूल 27 मार्च तक की लागू है। इसके बाद 28 मार्च से 27 अक्टूबर तक के लिए जारी किया गया समर शेड्यूल उड़ानों में




कमी होने और उनके दोनों के बारे में यात्रियों के ऋणात्मक राय के कारण कंपनी ने स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार के विमानन सचिव और अन्य अधिकारियों के द्वारा भी इस समर शेड्यूल पर नाखुशी जाहिर की थी। इस स्थिति में यह तय किया गया था कि मार्च महीने के प्रथम सप्ताह में राज्य सरकार के अधिकारियों और अलायंस एयर के अधिकारियों के बीच एक बैठक होगी और उसे बैठक में 28 मार्च से जारी होने वाले समर शेड्यूल को अंतिम रूप दिया जाएगा। समिति ने कहा कि यह समय बीत चुका है और अभी तक बैठक होने तक का समाचार नहीं आया है। समिति का कहना है कि यात्रियों को अपने टिकट आदि बुक करने के लिए कम से कम दो सप्ताह की विंडो तो मिलनी ही चाहिए। आज यह पता ही नहीं है कि 28 मार्च के बाद उड़ाने किस समय और किस दिन चलने वाली है। समिति ने कहा कि इस असमंजस में यात्रीगण अभी से रायपुर से दिल्ली और कोलकाता की उड़ान बुक करने के लिए बाद हो रहे हैं जिससे के बिलासपुर हवाई अड्डे से उड़ने वाले यात्रियों की संख्या प्रभावित होगी।

समिति का महा धरना आज भी जारी रहा। इसमें बद्री यादव, परस राम कैवर्त, रवि बनर्जी, शिरीष कश्यप, रामशरण यादव, राशिद बख्श, ऋषि राज गौतम, अनिल गुलहरे, समीर अहमद, बबला केशव, गोरख, हर प्रसाद कैवर्त, महेश दुबे टाटा, देवेंद्र सिंह ठाकुर, मजहर खान, संदीप बाजपेई, अमर बजाज, प्रकाश बहरानी, प्रतीक तिवारी, मनोज तिवारी, विजय वर्मा, रवि खत्री, कृष्ण मुरारी दुबे, अकील अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### घायल कोटवार की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** होली के दिन पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में घायल कोटवार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक बृजेश मिश्रा ने बताया, 4 मार्च होली के दिन मालखरौदा गोरखापाली निवासी कोटवार रथराम गोंड़ पिता स्व. लक्ष्मण गोंड़ 40 साल के साथ पुरानी रंजिश कोलेकर सुखदेव एवं उसके परिवार के लोगों ने जमकर मारपीट करते हुए जानलेवा हमला कर दिया था। परिजन के द्वारा घायल कोटवार को इलाज के लिए सिविल लाइन क्षेत्र स्थित प्राण दायिनी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। 8 मार्च को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस के द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। बताया जाता है घटना के दिन आक्रोशित मृतक के परिजनों ने हमलावरों के घर में आग लगा दी थी।

---



# अभियान चलाकर 12 घंटे में पकड़े गए 25 स्थाई वारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बलरामपुर जिले में की गई कार्रवाई

बलरामपुर जिले में लम्बे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महज 12 घंटे के भीतर पुलिस ने जिलेभर में कुल 25 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में सर्वाधिक 9 वर्षों से फरार चल रहा स्थायी वारंटी भी शामिल है। बता दें कि बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने कानून व्यवस्था और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने अपराधियों पर नियंत्रण रखने के लिए जिलेभर में स्थाई वारंटियों और गिरफ्तारी वारंटियों की धर पकड़ के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना व चौकी क्षेत्रों में अलग अलग टीमों का गठन किया गया था। 8 मार्च की भोर के 3 बजे से पुलिस ने व्यापक पैमाने पर अभियान चलाकर 12 घंटे के भीतर कुल 25 वारंटियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें थाना रामानुजगंज से सर्वाधिक 8 वारंटी, थाना कोतवाली बलरामपुर से 5 वारंटी, थाना शंकरगढ़ से 5 वारंटी, थाना कुसमी से 2 वारंटी, थाना पस्ता से 2 वारंटी, थाना रामचंद्रपुर से 1 वारंटी तथा चौकी विजयनगर से 2 वारंटी तामिल है। गिरफ्तार वारंटियों में कुछ वारंटी 8-9 वर्षों से फरार चल रहे थे। वहीं जिले की सरहदें झारखण्ड, उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश राज्य से लगी हुई है, जिससे असामाजिक तत्वों के प्रवेश करने की स्थिति बनी रहती है। कानून-व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा आमजनों में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से पूरे जिले में थाना-चौकी प्रभारी के माध्यम से नशेड़ियों, गुण्डा व निगरानी बदमाशों, माफी बदमाश, असमाजिक तत्वों, बैंक एटीएम, सर्राफा दुकान, लाज एवं दाबा को लगातार चेक कर उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है।

---

### एक साथ दो दुकानों में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सेदम। एक ही रात में कपड़ा और एग्रो दुकान में चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की नगदी रकम भी बरामद की है। आरोपी ने पकड़े जाने के डर से चोरी किए गए कपड़ो को जला दिया। बता दें कि बतौली मुख्य मार्ग पर संतोष गुप्ता के जय माता दी एग्रो दुकान से 3 मार्च की रात शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने काउन्टर में रखा 70 हजार रूपए नगद चोरी कर लिया था। इसके साथ ही इसी रात बतौली मुख्य मार्ग में संचालित योगेश गुप्ता के मंजू साड़ी, हरि फैशन और योगेश क्लाथ नामक संचालित दुकान का ताला तोड़कर काउन्टर में रखा 50 हजार रूपए नगद, दुकान में मौजूद पेंट-शर्ट व साड़ी की चोरी की गई थी। दोनों ही मामलों में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 305(ए), 331(4), 238 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। सिलसिलेवार की गई इस चोरी के मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा जांच के दौरान संदेह के आधार पर बतौली डूमरपारा निवासी 43 वर्षीय अशोक मरावी आ. कमला प्रसाद मरावी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने ही दोनों दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था आरोपी ने चोरी की रकम को खर्च करने और पकड़े जाने से बचने के लिए कपड़ो को जलाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से चोरी की रकम से शेष 25 सौ रुपए नगद बरामद किया है।

# 54 हजार रुपए की वसूली, आरक्षक सहित दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्राइम ब्रांच के फर्जी सिपाही बनकर झूठे एनडीपीएस मामले में फंसाने की धमकी देकर एक ग्रामीण से 54 हजार रुपए वसूली करने वाले फरार आरक्षक सहित दो लोगों को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। गौरेला से पुलिस की टीम बैरंग लौट गई है।

ज्ञात हो कि 26 फरवरी को कोटा करगीखुर्द निवासी अभिषेक सिंह पिता छत्रप्रताप सिंह के घर के सामने क्राइम ब्रांच के सिपाही बनकर गाली गलौज की गई। उसके बाद मोबाइल में फोन कर उन्हें बुलाया गया और स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10, 4800 में बैठाकर एक किलो मीटर दूर ले जाकर 1.50 लाख रुपए की मांग की गई। नहीं देने पर मादर्क पदार्थ रखकर झूठे एनडीपीएस एक्ट के मामले में फंसा देने की धमकी दी गई। डर से उन्होंने युवकों को 54 हजार रुपए नकद दे दिया था। कोटा पुलिस ने पूर्व में पुलिस विभाग में अधिग्रहित स्कार्पियो के प्राइवेट ड्राइवर प्रभात ठाकुर, विनय साहू, आशीष शर्मा, देव बघेल, शुभम यादव, योगेश पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया था। मामले का मुख्य आरोपी जीपीएम जिले के एमटी शाखा में पदस्थ आरक्षक हेमंत राजवाड़े एवं उसके अन्य साथी फरार है।

पुलिस टीम आरक्षक व उसके साथी को पकड़ने गौरेला गई थी, किन्तु टीम बैरंग लौट गई है। टीआई नरेश चौहान ने बताया, फरार आरोपी हेमंत राजवाड़े जीपीएम जिला में आरक्षक है। उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने विधायक से की मुलाकात



**हरदीबाजार।** प्रेस क्लब भवन हरदीबाजार में शुक्रवार को आवश्यक बैठक हुई। बैठक में प्रेस क्लब के विकास, उत्थान और भविष्य को लेकर गहन चर्चा विमर्श किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से प्रेस क्लब का पुनर्गठन किया गया। जिसमें संरक्षक बाबूराम राठौर, डॉ विजय राठौर, राजाराम राठौर को प्रेस क्लब अध्यक्ष, विनोद उपाध्याय को उपाध्यक्ष, निलेंद्र राठौर को सचिव, सुरेंद्र राठौर को कोषाध्यक्ष, सहसचिव प्रमोद राठौर, विशेष आमंत्रित सदस्य जगदीश अग्रवाल, नवल मसीह, वरिष्ठ सदस्य नेकराम श्रीवास, खिलावन राठौर, उमेश श्रीवास एवं प्रमोद जायसवाल को मनोनीत किया गया है। प्रेस क्लब के नव गठित पदाधिकारियों अध्यक्ष राजाराम राठौर, उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, सचिव निलेंद्र राठौर एवं सहसचिव प्रमोद राठौर के द्वारा रविवार को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के निवास जाकर बुके भेंट कर सौजन्य मुलाकात कर प्रेस क्लब के विकास, उत्थान एवं भविष्य को लेकर चर्चा-विमर्श हुई, चर्चा के दौरान विधायक श्री पटेल ने हरदीबाजार प्रेस क्लब के विकास व उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कहीं।

### रेंकी बस्तीपारा में श्री अखंड नवधा रामायण पर निकली कलश यात्रा



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत रेंकी बस्तीपारा में गांव के सुख शांति समृद्धि के लिए श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया गया है। जो रविवार को कथा स्थल से भव्य कलश शोभा यात्रा बैंड बाजा के साथ निकली जो तालाब से जल भर कर पुनः कथा स्थल पहुंची। श्री अखंड नवधा रामायण 17 मार्च को कथा विश्राम एवं 18 मार्च को हवन,सहस्त्र धारा, ब्राहाम्ण भोजन, चढ्त्तोरी प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा श्रवण सभी धार्मिक अनुष्ठान आचार्य पंडित आशीष मिश्रा रेंकी, पंडित भास्कर पांडेय सिवनी वाले करेंगे। समिति अध्यक्ष जनाराम पटेल, उपाध्यक्ष गनपत केंवट,सचिव सुभाष पटेल, कोषाध्यक्ष गनेश राम यादव,सहसचिव विनोद पटेल, बलदेव पटेल,अजय पटेल सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित थे।

### न्यूज पेपर एजेंट एसोसिएशन निहारिका ने खेली होली



**कोरबा।** न्यूज पेपर एजेंट एसोसिएशन निहारिका के द्वारा होली पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कुलदीप कुमार, प्रदीप गुप्ता, मनीष कौशिक, पंकज धर, अमित यादव, रामनारायण यादव, उमेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, जावेद, रोहित साहू, राहुल साहू, भोला यादव ,राधे यादव सहित अन्य न्यूज एजेंट के परिवार के सदस्य भी रहे।

### वृद्ध की बीमारी से हुई मौत

कोरबा। हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटसिरा निवासी दुजराम कोरवां उम्र 64 पिता स्व फिरतूराम कोरवां विगत दिनों ग्राम चिकनीपाली अपनी पुत्री ईश्वरी बाई के घर गया हुआ था। इस दौरान दूजराम की तबीयत बिगड़ने पर उसकी पुत्री द्वारा उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। बताया जाता है कि दूजराम की तबीयत पहले से ही खराब थी जिसके चलते उसकी तबीयत बिगड़ी थी और उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मामले में पंचनामा जांच शुरु कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### भाजपा के जिला मंत्री बने लुकेश्वर चौहान

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी के दो बार वार्ड 39 कैलाशनगर से पार्षद रहे लुकेश्वर चौहान को



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा में जिला मंत्री का दायित्व दिया गया है। लुकेश्वर चौहान का बालको क्षेत्र के युवा वर्ग एवं महिला वर्ग के मतदाता में अच्छी पकड़ माना जाता है साथ ही सामाजिक एवं स्थानीय कर्मचारियों, मजदूर वर्ग में भी इनकी पकड़ सबसे मजबूत माना जाता है इनको बनने से निश्चित ही पार्टी को सामाजिक एवं स्थानीय क्षेत्र में लाभ होगा।

# पांच सालों में नहीं बन सका ढनढनी का नवीन पंचायत भवन

## पंचायत के कार्यों में रुचि नहीं दिखा रहे सरपंच-सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

करतला जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में चयनित जनप्रतिनिधि सरपंच एवं वहां पदस्थ पंचायत सचिव विकास कार्यों के प्रति रूचि नहीं दिखा रहे हैं। मामला ग्राम पंचायत ढनढनी का है। जहां पांच वर्ष से नवीन पंचायत भवन अधूरा पड़ा है। जनप्रतिनिधियों के बैठने तक की व्यवस्था पंचायत के पास नहीं है। ग्राम पंचायत ढनढनी में पांच वर्ष से नवीन पंचायत भवन निर्माणाधीन है जिसका निर्माण अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है। पंचायत में पदस्थ सचिव भी ज्यादातर समय पंचायत कार्यों में रुचि नहीं दिखाते और नदारत रहते है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ढनढनी में निर्माणाधीन नवीन पंचायत भवन जिसके लिए। सन 2020-21 में खनिज न्यास से राशि 3 लाख रुपए जारी हुआ जिसमें से 2 लाख 40 हजार रुपए आहरण कर लिया गया है तथा मनरेगा से सामाग्री के लिए 6,84,350/- रूपये एवं मजदूरी के लिए 1,12,860/- रूपये का भुगतान हो चुका है। मनरेगा से नवीन पंचायत भवन के निर्माण में 7,97,210/- रूपये एवं खनिज न्यास मद से 240000/- रूपये कुल 10,37210/- रुपये खर्च करने के बाद भवन रिकॉर्ड में तो कम्पलीट दिख रहा है जबकि वास्तविकता इससे काफी अलग है। निर्माण स्थल पर कार्य संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगा है और आज पर्यंत तक निर्माणाधीन नवीन पंचायत भवन में न तो दरवाजे खिड़की लगे हैं और न ही विद्युत कनेक्शन हुआ है जबकि निर्माण बीते पांच साल से चल रहा है। 10,37210/- रूपये खर्च करने के बाद आज तक अनुपयोगी एवं खंडहर में तबदील होने के कगार पर हैं नवीन पंचायत भवन। इंजीनियर, एसडीओ एवं सीईओ की सतत निगरानी में निर्माण कार्य होता हैं लेकिन अधिकारीयों की निष्क्रियता की वजह से नवीन पंचायत भवन सफेद हाथी बनकर रह गया है।

**खास बात**

- मनरेगा से पंचायत भवन निर्माण के लिए जारी हुई मजदूरी राशि



## केएन कालेज में बीएड छात्र-अध्यापकों को दी गई विदाई

# शिक्षक बनने की राह में संवाद कौशल प्रमुख : प्रशांत



कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं बल्कि समाज को दिशा देने वाला व्यक्तित्व होता है और इसके लिए प्रभावी संवाद व वक्तृत्व कला बेहद जरूरी है। जो व्यक्ति अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर सकता है, वहीं समाज और विद्यार्थियों के बीच अपनी विशेष पहचान बना पाता है। यह बातें डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने शनिवार को कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में शिक्षा संकाय द्वारा आयोजित बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि मंच विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास भरने के साथ उन्हें एक शांत, संतुलित और प्रभावी वक्ता बनने का अवसर प्रदान करता है। जो विद्यार्थी मंच पर आकर अपनी प्रतिभा को व्यक्त करने का साहस रखते हैं, वही जीवन में आगे बढ़कर बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं। प्राचार्य ने छात्र-अध्यापकों से कहा कि उनके माता-पिता ने बड़ी उम्मीदों और मेहनत की कमाई से उन्हें शिक्षा दिलाई है, इसलिए उनके विश्वास पर खरा उतरना अब विद्यार्थियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरा के अनुरूप सरस्वती वंदना एवं मां वीणापाणि के पूजन-अर्चन से हुई। बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा नियति गुप्ता ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को सरस बना दिया। इसके बाद बीएड द्वितीय वर्ष के वरिष्ठ विद्यार्थियों कमल अजय, अमीषा कंवर, अक्षय प्रधान एवं ज्योति पटेल ने महाविद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार बताया। इस अवसर पर बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा तान्या श्रीवास ने भी सुमधुर गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। समारोह में शिक्षा संकाय की विभाग प्रमुख डॉ. भारती कुलदीप, डॉ. रश्मि शुक्ला, डॉ. अंजू खेस्स, प्रीति द्विवेदी, नितेश कुमार यादव, राकेश गौतम, शंकरलाल यादव और कुणाल दासगुप्ता सहित शिक्षा संकाय के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थी अल्पा सोनी और शिव कुमार ने किया।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

ग्राम तुमान की पावन धरा शुक्रवार को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर हो उठी, जब श्री वैष्णव निकुंज निवास में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ अत्यंत भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं में कथा को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया और बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चे इस पुण्य अवसर के साक्षी बने।

कथा के शुभारंभ अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा ने पूरे ग्राम को भक्तिमय बना दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा श्री वैष्णव निकुंज निवास से प्रारंभ होकर ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करती हुई तालाब तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के साथ पवित्र जल का संग्रह किया गया। इसके पश्चात महिलाएं सिर पर जल से भरे कलश लेकर भक्ति गीतों और हरि नाम के जयकारों के साथ पुनः आयोजन स्थल श्री वैष्णव निकुंज निवास पहुंचीं। इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में भक्तों की भीड़ और भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनियों से वातावरण पूरी तरह भक्तिरस में डूबा रहा। आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में विधिवत पूजन-अर्चन कर देवताओं की स्थापना की गई। इस दौरान यज्ञाचार्य अखिलेश जी महाराज (सोन लोहर्शी) की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, यज्ञ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। मंत्रोच्चार, शंखनाद और भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनियों ने पूरे वातावरण को दिव्य और आध्यात्मिक बना दिया। इसके पश्चात प्रसिद्ध कथावाचक पंडित बलराम प्रसाद पाण्डेय जी द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य का भावपूर्ण एवं विस्तृत वर्णन करते हुए कथा का शुभारंभ किया गया। अपने प्रवचन में उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व, भक्ति के मार्ग तथा मानव जीवन में धर्म, संस्कार और सत्कर्मों की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# छात्र हित के लिए हम हमेशा तत्पर : प्रेमचंद



स्कूल भवन का भूमिपूजन करते विधायक श्री पटेल व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईदा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा का बहुप्रतिक्षित हायर सेकेंडरी विद्यालय भवन जिसकी लागत 1 करोड़ 18 लाख रुपए का शुक्रवार को विधि विधान से पंडित रेवती रमण तिवारी ने भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा संपन्न कराया। जिसमें समस्त विद्यार्थियों को एक नया भवन मिलेगा इससे छात्रों के बीच में व ग्रामीणों के बीच में बहुत ही हर्ष का माहौल है भूमि पूजन का कार्यक्रम को पूजा अर्चना विधिविधान पूर्वक किया गया। विद्यालय भवन बनने से कक्षा नौवी से 12वीं तक के समस्त विद्यार्थियों को व सभी संकायों को पर्याप्त बैठक व्यवस्था व समस्त विद्यालयीन व्यवस्था उपलब्ध हो पाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा, कौशल श्रीवास जनपद सदस्य प्रतिनिधि, सरपंच बोईदा, रघुराज सिंह उईके युवा आयोग, कृष्णा पटेल मंडल अध्यक्ष, तुगन पटेल मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, गौरी मरावी पंच, लंबोदर कंवर पंच, आश्वन पटेल, रेवती रमण तिवारी, रविता बाई पंच, नारायण पटेल, मन्नु राठौर, पूनम दुबे प्राचार्य, राजेन्द्र कुमार नायक, वीरेंद्र कुर्रे, भारती सिंह तोमर, निहारिका इमानुएल, परमेश्वर राम मराठा, शिवनारायण जगत, राजेंद्र कौशिल, रजनीश पाटनवार, श्यामा मरावी के साथ समस्त छात्र व ग्रामीणजनों की उपस्थिति में भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राचार्या पूनम दुबे ने सभी का आभार प्रकट किया वहीं मंच संचालन राजेन्द्र कुमार नायक ने किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कटघोरा
जिला- कोरबा (छ.ग.)
**ईश्तहार सूचना**
क्रमांक/......./राजस्व/न.पा.प./2026
कटघोरा, दिनांक............

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद कटघोरा क्षेत्रांतर्गत बस स्टैण्ड के उपर स्थित शापिंग कॉम्प्लेक्स के दुकान क्र. 07 को आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती परदेशी मलिक पिता सुखलाल मलिक निवासी वार्ड क्र. 02 तहसील भांठा कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा उन्हें नीलामी आबंटन में प्राप्त दुकान क्र. 07 को श्री जावेद मोहम्मद पिता याकूब मोहम्मद निवासी वार्ड क्र. 11 रहमानिया नगर कटघोरा के नाम से परिवर्तन/नामांतरण किये जाने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी को कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 16.03.2026 तक इस कार्यालय में मय अभिलेख सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जा सकेगा।

कटघोरा, दिनांक 02/03/2026
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कटघोरा

SUPER SPECIALITY HOSPITAL NKH
INSPIRING BETTER HEALTH
Licence No.:KORB0019/HOS
NABH
एन.के.एच. परिवार में आपका स्वागत है
शिशु एवं नवजात रोग विशेषज्ञ
24/7
विशेषज्ञता / उपलब्ध सेवाएँ
• बुखार (बार बार बीमार पढ़ना)
• सर्दी-खांसी
• टीकाकरण
• आहार परामर्श
• इन्फेक्शन
• मस्तिष्क बुखार
• दमा, एलर्जी, निमोनिया व चर्म रोग
• नवजात रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम
• नवजात शिशु देखभाल
• लो बर्थ वेट मैनेजमेंट
• जन्मजात झटके आना
• प्री मैच्योर इंफेंट (नवजात शिशु)
डॉ. अजीत ठोकल
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (Pediatrics)
11 Years + Experience
नियमित रूप से उपलब्ध :-
प्रतिदिन सुबह - 10:00 से 2:00 बजे तक
शाम - 5:00 से 8:00 बजे तक
Find Us On-
पंजीयन के लिए कॉल करें 860-2599-122
आपातकालीन स्थिति के लिए 623-2033-215
टोल फ्री नंबर 1800-3096-570
न्यू कोरबा हॉस्पिटल, मंगलम विहार कोसाबाड़ी, कोरबा
www.nkhhospitals.in
newkorbahospital@gmail.com

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## क्राइम की खबरें

### लापता शुभम का अब तक नहीं चला पता



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरहाडबरी निवासी चुमन लाल कुर्रे का पुत्र शुभम कुमार कुर्रे उम्र 26 वर्ष का पाम मॉल में विनय देवांगन के कोसा सेंटर दुकान में काम करता था तथा गेरवाघाट में किराये के मकान में रहता था। 15 फरवरी को शुभम काम करने गया हुआ था। दो दिन तक काम पर नहीं आने पर कोसा सेंटर के संचालक विनय देवांगन ने शुभम के पिता चुमन लाल कुर्रे से जानकारी लिया कि उसका पुत्र शुभम दो दिन से काम पर नहीं आया है। जिसके बाद परिजन शुभम के किराये के मकान में जाकर पता किये तो वहां भी नहीं था।

### गड्ढे में गिरे दो स्वान का किया सफल रेस्क्यू

**कोरबा।** बरपारा कोहड़िया इलाके में देर रात दो स्वान (कुत्ते) आपस में खेलते-खेलते अचानक घर के पास निर्माण कार्य चल एक गहरे गड्ढे में गिर गए थे। रात होने की वजह से किसी की नजर दोनों स्वान पर नहीं पड़ी। सुबह जब स्थानीय लोगों की नजर उस गड्ढे में पड़ी तो उन्होंने देखा कि दोनों स्वान अंदर फंसे हुए हैं और काफी घबराए हुए हैं। स्थिति को समझते हुए लोगों ने तुरंत आरसीआरएस की टीम को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही आरसीआरएस की टीम के सदस्य मौके पर पहुंचे और सूझ-बूझ और धैर्य के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन कर दोनों स्वानों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### गौमुखी सेवा धाम देवपहरी में चैत्र नवरात्रि की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**कोरबा।** गौमुखी सेवा धाम देवपहरी में शनिवार को मां गौमुखी सिद्धिदात्री के पावन प्रांगण में चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। गौमुखी सेवा धाम क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं का आगमन होता रहता है। बैठक के दौरान नवरात्रि के नौ दिनों तक होने वाले धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन, मंदिर परिसर की साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के लिए जल व प्रसाद वितरण, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व सरपंच धन सिंह कंवर, हरी यादव, अनार सिंह, सत्यनारायण कंवर, धर्म सेना गढ़ उपरोड़ा के राजाराम राठिया, छतर पाल, रामू विश्वकर्मा, मान सिंह, बलराम यादव, गोपाल देवांगन, सूरज यादव, धनीराम पंडो, शीला मंझवार सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ग्रामीण बैंक में सेंधमारी के प्रयास मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के कुमदा स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक में सेंधमारी कर चोरी के प्रयास करने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है,आरोपी ने बैंक की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसने और तिजोरी खोलने का प्रयास किया था,पुलिस के अनुसार बैंक प्रबंधक धीरेंद्र मौर्य ने 5 मार्च को थाना बिश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 मार्च की शाम बैंक बंद करने के बाद अज्ञात व्यक्ति ने बैंक के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया। इस दौरान तिजोरी का हैंडल तोड़ दिया गया और सीसीटीवी कैमरे का तार भी काट दिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर कुमदा कॉलोनी निवासी राजेंद्र चतुर्वेदी (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया,पूछताछ में आरोपी ने बैंक में चोरी का प्रयास करने के साथ ही पिछले दिनो कुमदा कॉलोनी स्थित नरेश कुमार बुधिया के गैराज में हुई करीब एक लाख रुपये से अधिक की चोरी की घटना को भी अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान और घटना में प्रयुक्त औजार बरामद कर लिया है,आरोपी को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# पीडब्ल्यूडी की सड़क बनी गिट्टियों का ढेर, डब्ल्यूएमएम परत उखड़ने से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सरमा ग्राम पंचायत में हाल ही में बनाई गई सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण सड़क की डब्ल्यूएमएम परत बिछते ही उखड़ने लगी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सरमा से सुखरीताल तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इस सड़क में हाल ही में डब्ल्यूएमएम की परत बिछाई गई है। विभागीय जानकारी के मुताबिक इस सड़क के निर्माण पर करीब 60 लाख रुपये की लागत आ रही है लेकिन सड़क की मौजूदा स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि डब्ल्यूएमएम परत बिछाते समय न तो पर्याप्त मात्रा में पानी का छिड़काव किया गया और न ही रोलर से ठीक तरीके से दबाव बनाया गया। सड़क निर्माण की इस प्रक्रिया में बरती गई लापरवाही के कारण गिट्टियां मजबूती से जम नहीं पाईं और अब सड़क पर जगह-जगह से उखड़ने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर चलते समय गिट्टियां इधर-उधर छिटक रही हैं, जिससे राहगीरों और बाइक सवारों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। कई जगहों पर गिट्टियों के ढीले होने से सड़क की सतह असमान हो गई है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस मामले की जांच कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने और दोषी ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो कुछ ही समय में सड़क पूरी तरह खराब हो सकती है और सरकार की लाखों रुपये की राशि व्यर्थ चली जाएगी। वहीं इस मामले में विभाग का कहना है कि फिलहाल सड़क पर केवल डब्ल्यूएमएम परत बिछाई गई है। आगे बजट मिलने पर इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़कर डामरीकरण किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सड़क निर्माण का कार्य अभी अंतिम चरण में नहीं है और आगे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़क को स्थायी रूप दिया जाएगा।

## ग्राम पंचायत सरमा से सुखरीताल तक हो रहा निर्माण

**खास बात**

- 60 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है तीन किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण



## कैबिनेट मंत्री के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन

# सशक्त नारी, समृद्ध समाज की आधारशिला : लखनलाल



महिलाओं को सम्मानित करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन, महापौर, कलेक्टर व सभापति।



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं, जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे हैं। पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व दोनों मजबूत हुए हैं।

उक्त बातें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने राजीव गांधी ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन के आयोजन के दौरान कही। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वालो महिलाओं को सम्मानित एवं बाल विवाह मुक्त पंचायतो को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने सभी माताओं, बहनों और बेटियों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त महिलाएं ही मजबूत समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला हैं। महिलाएं आज पहले से अधिक सशक्त और मजबूत हुई हैं तथा देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा राज्य में सरकार गठन के साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है और वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार और आय के अवसर मिल रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण जैसे कार्यों से भी ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों की महिलाओं की आय बढ़ रही है। कार्यक्रम को महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर कुणाल दुदावत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी तरुण कुमार किरण, सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग के पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों के उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं से किया गया संवाद एवं उनका प्रेरणादायी अभिभाषण का जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अवलोकन किया।

### महिला सशक्तिकरण के लिए हो रहे कार्य

महापौर श्रीमती राजपूत ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि देश में महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति नूतन सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी का सम्मान सर्वोपरि माना गया है। नारी को सदैव शक्ति, सृजन और संस्कार का प्रतीक माना गया है, इसलिए महिलाओं का सम्मान करना हमारी परंपरा और संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के अवसर मिल रहे हैं।

## बालको थाना परिसर में मनाया गया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस



महिलाओं से चर्चा करते थाना प्रभारी।

कोरबा। बालको थाना परिसर में सिद्धार्थ लोककल्याण समिति, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा एवं अनेकों संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी यूराज तिवारी ने कहा कि महिला सर्व समाज की प्रथम गुरु मानी जाती है जो बच्चों को देश और दुनिया का राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, डॉक्टर, कलेक्टर, इंजीनियर बनाने का दायित्व निभाती हैं इसीलिए मैं आज के दिन मातृ शक्ति को प्रणाम करते हुए करते हुए बेटा बेटियों को सामान रूप से शिक्षित करने का निवेदन करता हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गोपाल ऋषिकर भारती ने कहा कि जिन महिलाओं को जिस पुरुषवादी संस्कृति ने हजारों वर्षों से शिक्षा,धन और शस्त्र के उपयोग करने की आजादी से वंचित कर गुलाम बना दिया था आज भारत के संविधान ने उनकी गुलामी की बेड़ियां तोड़कर उनको कानूनी समानता के अधिकार दिलाए। कार्यक्रम में मप्रआर जलवेश कंवर, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र थवाईत, सुनील सुना, शीतला साहू, प्यारेदास महंत, उमेदा साव, शशीलता पांडे, पुष्प पात्रे, मनजीत कौर, अंजलि जांगड़े, नीलम जांगड़े, गंगा यादव, कोमल यादव, संगीता साहू, कलिंद्री परिहार, भूमिका जांगड़े, संतोष बंजारे, सरिता सूर्यवंशी, आशा डोंगरे उपस्थित रहे।

### सेजस चैतमा में मनाया गया महिला दिवस





चैतमा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा युवा खेल मंत्रालय माय भारत, डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वंय सेवक पायल कैवर्त, शारदा कंवर,विजय कुमार, अंकिता, भूमिका, अनुष्का,आयुष, पुष्पा, सुरेखा इत्यादि स्वंय सेवकों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलों इंडिया रन,चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता बना कर महिलाओं को सम्मानित किया। माय भारत पर खेलों इंडिया में भाग लेकर स्वंय सेवको ने सर्टिफिकेट प्राप्त किया। वीरेन्द्र कुमार बंजारे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस थीम दान से लाभ है, जो महिला सशक्तिकरण के लिए सहयोग, ज्ञान और संसाधनों को साझा करने पर जोर देती है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र की थीम सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय, कार्रवाई है।

### महिला दिवस पर आयोजित हुई योग प्रतियोगिता




कोरबा। ओमकारा योग शाला द्वारा महिला दिवस पर योग प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस आयोजन की खास बात यह थी कि यहां के प्रतिभागी ने साड़ी पहनकर इस प्रतियोगिता में योग का प्रदर्शन किया। लगभग 5 वर्षों से ओमकारा योगशाला ट्रांसपोर्ट नगर में योग सीख रहे हैं सुबह-शाम यहां क्लास लगती है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बालको निवासी नीतू यादव रही। द्वितीय स्थान पर फुलेश्वरी शतरंज और तृतीय स्थान पर श्रीधा अग्रवाल रही। प्रतियोगिता में काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट नूतन विश्वकर्मा ने बताया कि किस तरह हम अपनी सोच बदलकर जीवन को बदल सकते हैं और अपने मन को स्वस्थ रख सकते हैं। सचिन विश्वकर्मा शारीरिक रूप से और नूतन सचिन विश्वकर्मा मानसिक रूप से लोगों को स्वस्थ करने में अपना सहयोग दे रहे हैं। ओमकारा योगशाला जहां सिर्फ शारीरिक रूप से नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी लोगों को स्वस्थ किया जाता है।

### जागृति महिला मंडल ने किया दीदियों का सम्मान



कोरबा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागृति महिला मंडल द्वारा कटघोरा बस स्टैंड स्थित गढ़ कलेवा पहुंचकर श्रीया स्व सहायता समूह की दीदियों का सम्मान शाल श्रीफल भेंट कर किया गया । महिला मंडल अध्यक्ष गीतांजली तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियां का जश्न मानने वाला एक वैश्विक दिवस है आज हम गढ़ कलेवा संचालित करने वाली महिला समूह की दीदियों का सम्मान करने आए हुए हैं यहां की दीदिया बहुत अच्छा काम कर रही हैं। निश्चित तौर पर ऐसे कार्यों से ही महिला शक्तिकरण होता है।

### मुकुटधर साहित्य समिति द्वारा महिला सम्मान होली मिलन समारोह का आयोजन



कोरबा। मुकुटधर साहित्य समिति के तत्वावधान में पंडित मुकुटधर पांडे साहित्य भवन में महिला सम्मान समारोह एवं होली मिलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर संजू देवी सिंह राजपूत रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य भवन समिति के संरक्षक यूनुस दानियालपुरी ने की। अतिथियों के साथ-साथ मंच पर समिति के संरक्षक कमलेश यादव, मुकेश चतुर्वेदी, अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, वरिष्ठ कवयित्री दीप दुर्गवी, डॉ. गिरिजा शर्मा एवं डॉ. संगीता सरगम मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों का बैज, गुलाल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। यूनुस दानियालपुरी, मुकेश चतुर्वेदी, कमलेश यादव एवं दिलीप अग्रवाल ने साहित्य भवन की गतिविधियों एवं निरंतर हो रहे सृजनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी। महापौर संजू देवी सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में साहित्य भवन से जुड़ाव को रेखांकित करते हुए महिला दिवस की शुभकामनाएँ दीं और होली पर एक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिला कवयित्रियों को 'साहित्य, संगीत व कला अलंकरण' से सम्मानित किया गया। महापौर के करकमलों से महिलाओं को सम्मान पत्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। कला, संगीत, शिक्षा तथा साहित्य से जुड़ी महिलाओं में दीप दुर्गवी, डॉ. गिरिजा शर्मा, लता चन्द्रा, संगीता सरगम, डॉ. मंजुला साहू, अंजना सिंह ठाकुर, वीणा मिस्त्री, लखनी साहू, रामकली कारे, शशि साहू, निर्मला ब्राम्हणी, किरण सोनी, सरस्वती श्रीवास, अनुसूइया श्रीवास, रीतू त्रिपाठी, इन्दु देवांगन, पुष्पा शांडिल्य, प्रतिभा साहारे आदि शामिल है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल कॉम्प्लेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## विद्युत अवरोध की शिकायत पर तत्काल अधिकारियों को दिए निर्देश

# किसानों के खेतों में जाकर कलेक्टर ने मूंगफली-उड़द की फसल का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साल के घने जंगलों के बीच हल्की गर्म हवाओं के साथ पेड़ों से झरते पत्तों और दूर-दूर तक सूखे नजर आते खेतों को पार करते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत जब आगे बढ़ रहे थे, तभी अचानक लबालब पानी और हरियाली से भरे खेतों का दृश्य सामने आया। इस मनोहारी दृश्य को देखकर न केवल उनकी गाड़ी रुकी, बल्कि हरियाली और सुकून से भरे इस वातावरण को देखकर उनकी नजरें भी कुछ पल के लिए ठहर गईं।

गर्मी के मौसम में मक्का, मूंगफली और उड़द की लहलहाती फसल देखकर कलेक्टर ने स्वयं खेत तक जाने का निर्णय लिया। टेढ़े-मेढ़े रास्तों, धूल और कीचड़ की परवाह किए बिना वे खेत में उतरे और उन किसानों से संवाद किया, जिन्होंने पानी की उपलब्धता और अपनी मेहनत के दम पर गर्मी के मौसम में भी फसल लेकर सबका ध्यान आकर्षित किया है। कलेक्टर श्री दुदावत ने कोरबा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम बरपाली के कलमीटिकरा में लबेद जलाशय से सिंचित क्षेत्र में किसानों द्वारा प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के अंतर्गत किए जा रहे नवाचार और फसल उत्पादन का करीब से अवलोकन किया। उन्होंने मक्का, उड़द और मूंगफली की खेती कर रहे किसान टीकाराम राठिया और सहदेव राठिया से चर्चा कर उनकी खेती और शासन की योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि धान की फसल बेचने के बाद कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि 28 फरवरी को ही उनके खातों में प्राप्त हो गई है। यहाँ कृषि विभाग द्वारा खाद, बीज सहित अन्य आवश्यक सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों ने बताया कि पास में स्थित लबेद जलाशय से पर्याप्त पानी मिलने के कारण गर्मी के मौसम में भी फसल लेने में कोई विशेष परेशानी नहीं होती। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मक्का, डीएमएफ से मूंगफली तथा दलहन आत्मनिर्भर योजना के तहत उड़द की खेती की जा रही है। कलेक्टर ने खेत में उतरकर फसलों का अवलोकन किया और किसानों को पपीता सहित अन्य लाभदायक फसलों की संभावनाओं पर भी ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि किसान चाहें तो इन फसलों की ओर भी आगे बढ़ सकते हैं और शासन-प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 5 हेक्टेयर में मक्का, 9 हेक्टेयर में उड़द तथा 21 हेक्टेयर में मूंगफली की खेती की जा रही है। इस दौरान किसानों ने विद्युत कटौती के कारण सिंचाई प्रभावित होने की शिकायत कलेक्टर से की। इस पर कलेक्टर ने तत्काल विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता को फोन कर समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



फसल का निरीक्षण करते कलेक्टर व उपस्थित किसान।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:- स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

